authorities in time. However the police authorities have been requested to expedite issue of reports in 8 weeks' time.

Number of Passports issued by Passport Office Lucknow in July, 1985 is 2820 as against 2132 in June, 1985.

Number of passports issued by Passport Office Bareilly in July, 1985 is 5530 as against 4340 in June, 1985.

आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए पुलिस बलों में सुधार किया जाना

2718. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 3 अगस्त को हैदराबाद में शिवरामपल्ली में वल्लभ-भाई पुलिस अकादमी में भाषण देते समय प्रधान मंत्री ने यह टिप्पणी की थी कि आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने के लिये पुलिस द्वारा अपनाये जा रहे परम्परागत तरीके पर्याप्त नहीं है ; और

(ख) यदि हां, तो पुलिस बलों को आधुनिक बनाने के लिये सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा): (क) जी हां,श्रीमान ।

(ख) यद्यपि संविधान के अधीन "पुलिस और विधि व्यवस्था" राज्य के विषय हैं, तथापि केन्द्र सरकार राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण की योजना के अधीन राज्यों को उनके पुलिस बलों का आधुनिकी-करण करने के लिए धनराशि प्रदान कर रही है ।

विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार किये गये हैं और राज्य पुलिस बलों के लिए आयोजित किये जाते हैं ताकि उन्हें आतंकवाद रोकने की तकनीक में प्रशिक्षण दिया जा सके ।

लेथार्जी इन दि इंडियन एम्बैसीज एवरार्ड

2719. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 अगस्त, 1985 के "ट्रिब्यून" में प्रकाशित "मिनिस्ट्री आफ एक्सटर्नल अफेयर्स कनसर्न्ड ओवर दि लेथार्जी आफ आवर एम्बैसीज" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार इस मामले में क्या उपचारी उपाय करने का विचार रखती है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री खुर्शीद आलम खान) : (क) चंडीगढ़ से प्रकाशित "संडे ट्रिब्यून" के 4 अगस्त, 1985 के इस अंक में इस प्रकार का कोई समाचार नहीं छपा है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) विदेशों में स्थित हमारे मिशनों के कार्य-संचालन के मुख्यालय द्वारा निरन्तर समीक्षा की जाती है । आवधिक रुप से निरीक्षण दल विभिन्न मिशनों का दौरा करते हैं ताकि उनके कार्य निष्पादन का "मौके पर" निरीक्षण और मूल्यांकन किया जा सके ।

Orders sanctioning the increase in freedom fighters' pension

2720. SHRI SYED AHMAD HASHMI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have passed the orders of the freedom fighters' pension